Indian Medical Association

LUCKNOW BRANCH

I.M.A. Bhawan, 1, River Bank Colony, Lucknow. Tel: 0522-2626440

Email: secretaryimalucknow@gmail.com Website:www.imalko.in

Dr. G.P. Singh
President
9415023076
Email: gpsinghkgmu@gmail.com

Dr. J. D. Rawat
Hon. Secretary
9415003709
Email: rawatjd@yahoo.com

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 4 फरवरी 2019 दिन सोमवार प्रातः 8:00 बजे **"विश्व कैंसर दिवस"** के उपलक्ष्य में आई0एम0ए0 लखनऊ ने जनता के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया जिसमें काफी संख्या में आई0एम0ए0 के डाक्टर्स व मेडिकल कालेज के शिक्षक, छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कैन्सर इंस्टीट्यूट लखनऊ के निदेशक डा0 शालिन कुमार ने रैली का उद्घाटन किया और कैंसर के बारे में जनता को जागरूक किया व आई0एम0ए0 अध्यक्ष डा0 जी0पी0 सिंह ने जागरूकत रैली को हरी झण्डी दिखाकर आई0एम0ए0 परिसर से शुभारम्भ किया। जागरूकता रैली केजीएमयू परिसर से होते हुए न्यू ओ0पी0डी0 में रैली का समापन हुआ।

अध्यक्ष डा0 जी0पी0 सिंह ने कैंसर के बारे में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजकल मुख व लंग में होने वाले कैंसर खैनी खाने से, बीड़ी पीने से अधिक हो रहे हैं। डा0 रुखसाना खान व डा0 उर्मिला सिंह ने अपने सम्बोधन में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर व बच्चेदानी के मुंह पर होने वाला कैंसर अधिक मात्रा में पाया जाता है जिसके लिए वैक्सीन उपलब्ध। डा0 उर्मिला सिंह ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर की नियमित जांच करना चाहिए अगर कोई गांठ है तो तुरन्त डाक्टर से सलाह लेनी चाहिए। डा0 सरिता ने कैंसर में होने वाली पीड़ा के बारे में बताया और कहा कि केजीएमयू में एक पेन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है जिसमें कैसेर में होने वाली पीड़ा का उपचार होता है।

केजीएमयू के छात्रा व छात्राओं ने निम्न प्रकार के प्ले बोर्ड लेकर कैंसर सम्बन्धित स्लोगन से आम जनता को जागरूक किया। कैंसर जागरूकता रैली में आई0एम0ए0 के डाक्टर, केजएमयू के शिक्षक, छात्र–छात्राओं एवं लायन्स क्लब के सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया जिसमें आई0एम0 सदस्य डा0 राकेशसिंह, डा0 सरिता सिंह, डा0 संजय सक्सेना, डा0 समित सेठ, डा0 आशुतोष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अन्त में आई0एम0ए0 के सचिव डा0 जे0डी0 रावत ने कैंसर जागरूकता रैली में आये हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

Rawat

डा0 जे0डी0 रावत
सचिव, आई0एम0ए0 लखनऊ